अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल

तेरापंथ दर्शन (वर्ष : 2024) दिनांक : 21.12.2024

समय सीमा : 3 घंटा द्वितीय वर्ष : द्वितीय प्रश्न पत्र पूर्णांक : 100

तेरापंथ इतिहास और दर्शन–70

प्र. 1 किन्हीं तेरह प्रश्नों के उत्तर एक या दो वाक्यों में दीजिए– 13

(क) तेरापंथ धर्मसंघ की स्थापना के फलस्वरूप धर्मसंघों की परम्परा में कौन सी दो बातें घटित हुई?

(ख) ऐसे कौन से समसामायिक कारण थे जिसने तेरापंथ को जन्म दिया?

(ग) 'अहिंसा की सही समझ' यह लेख किसके लेख के उत्तर में लिखा गया तथा किसने लिखा?

(घ) कुण्डली में कितने कोष्ठक होते हैं? तेरापंथ की जन्म कुंडली में शनि किस घर में बैठा है?

(ड़) साधन के उपयोग हेतु चिंतन के बिंदु कौन से थे?

(च) 'मेरे पांच सात ही शिष्य हैं और वे ही मेरी नींद हराम कर देते हैं'–ये शब्द किसने-किससे कहे?

(छ) 'जिनशासन' का अर्थ क्या है?

(ज) आस्था किसकी प्रतीक है? तर्क किसका सूचक है?

(झ) जैन सिद्धांत दीपिका में आचार्य भिक्षु के सिद्धांतों को किस शैली में व कितने सूत्रों में प्रस्तुत किया गया है?

(ञ) उपासना, भक्ति व स्तुति से आप क्या समझते हैं?

(ट) द्विशताब्दी के अवसर पर साधना के कौन-कौन से प्रयोग निश्चित किये गये?

(ठ) राजस्थानी साहित्य में किन रसों का साहित्य प्रचुर मात्रा में मिलता है?

(ड) सर्वे पदा हस्तिपदे निमग्नाः–इस पंक्ति का भावार्थ बतायें।

(ढ) अमृत महोत्सव वर्ष की परिकल्पना का आधार क्या था तथा उसके लिए किन-किन क्षेत्रों में कार्यक्रम आयोजित किये गये?

(ण) संघ पुरूष की पृष्ठरज्जु किसे कहा गया है?

प्र. 2 किन्हीं छः प्रश्नों के उत्तर दो या तीन वाक्यों में दीजिए– 15

(क) प्रार्थना समाज के संस्थापक कौन थे तथा इस संस्था के उद्देश्य क्या थे?

(ख) राजस्थानी भाषा में साहित्य निर्माण के लिए किन मुनियों का नाम उल्लेखनीय है?

(ग) पुण्य के विषय में चिंतनीय तथ्य कितने व कौन से हैं?

(घ) तेरापंथ में साधु के लिए 'तिहरी' मर्यादा है। इसे स्पष्ट करें।

(ङ) 'आपने यह कैसे किया? सत्ता का हस्तांतरण इतनी सहजता से कैसे संभव बना?' आचार्य तुलसी को यह प्रश्न किसने पूछा और उन्होंने क्या उत्तर दिया?

(च) 'तासक' किसे कहते हैं? इसमें अंकित घटनाक्रमों को किसके प्रतीक के रूप में दर्शाया गया है?

(छ) मार्टिन लूथर-किंग ने पोप के पत्र को फाड़ते हुए गर्व से क्या कहा?

(ज) जयाचार्य के नाम वारंट जारी होने पर बादरजी भंडारी व दूलजी दूगड़ ने साहस का परिचय देते हुए क्या कहा?

प्र. 3 किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर 100 से 150 शब्दों में दीजिए– 12

(क) चित्रों के माध्यम से जीवन मूल्यों का बोध कराना हमारी चित्रकला का उद्देश्य है–प्रतीक चित्रों के द्वारा उक्त पंक्ति को सार्थक करें।

(ख) संघबद्ध साधना के अंतर्गत 'कषाय जनित भावों का संतुलन' इस पर टिप्पणी लिखें।

(ग) जो कसौटी पर खरा उतरता है, वह निखर जाता है–प्रस्तुत पंक्ति के आधार पर आचार्य की कसौटियां व अर्हताएं क्या है? समझायें।

प्र. 4 किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर विस्तार से दें– 30

(क) आगमों में उल्लिखित व्यवहार कितने प्रकार के हैं? विवरण दीजिए तथा जीत व्यवहार के कोई चार उदाहरण दीजिये।

(ख) आचार्य भिक्षु और आचार्य तुलसी के दान-दया सिद्धांत को समझें तो दोनों की आत्मा का प्रदेश एक ही है–इसे तब और अब के परिपेक्ष्य में स्पष्ट करें।

(ग) वैचारिक संघर्ष को मिटाने की आचार संहिता क्या है तथा इसके कौन-कौन से निष्कर्ष हैं?

भिक्षु वाणी–30

प्र. 5 किन्हीं तीन पद्यों का सप्रसंग भावार्थ करें– 15

(क) जो साची ने..अवसर जोय।।

(ख) एकण रे दे..संभालो।।

(ग) बांध्यो काला री..कुखद सीखांवे।।

(घ) केई विनीत..पड़े अविनीत।।

(ङ) प्रतिबिम्ब..अग्यांन।।

प्र. 6 किन्हीं दो विषयों पर पद्य लिखें– 6

(क) सत्पुरूष।

(ख) पुरूषार्थ।

(ग) क्षणभंगुरता।

(घ) विसंगति।

प्र. 7 किन्हीं तीन पद्यों की पूर्ति करें– 9

(क) अथिर वेग..जुवारी री माया।।

(ख) दवरो दाधो..हुवें ताहि।।

(ग) विद्या अरू..कीधां बिना।।

(घ) ज्यूं अधर्म..मांहे चाल्या।।

(ङ) राते भूला..रा भूला।।